Bihar Judicial Service (Mains) 2014

General Hindi · compulsory paper

Time: 3 hours · Full marks: 100

नोट: सभी प्रश्नों के अंक अन्त में दिए गए हैं।

सभी प्रश्न के उत्तर दीजिए।

1. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– (40)

(क) भारत में प्रजातंत्र की सफलता
(ख) भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति
(ग) हमारा रंग-बिरंगा त्यौहार–होली
(घ) भारत की आर्थिक स्थिति और पंचवर्षीय योजनाएँ
(ङ) नालंदा का गौरव
(च) जीवन में क्षमाशीलता का महत्त्व
(छ) बिहार में दलित वर्ग के उत्थान की योजनाएँ
(ज) साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए नागरिकों के कर्त्तव्य
(झ) हिन्दी के प्रचार-प्रसार में पत्रकारिता का महत्त्व

2. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पांच वाक्यों का कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए– (10)

(क) राम पढ़ रहा है और श्याम सो रहा है। (सरल वाक्य)
(ख) तुमसे छिपी कोई बात नहीं। (मिश्र वाक्य)
(ग) यशोधरा शाह पुणे रहती हैं। श्री शाह मुम्बई में काम करते हैं। (संयुक्त वाक्य)
(घ) आपको सब जानते हैं। (प्रश्नवाचक वाक्य)
(ङ) वह बुरा व्यक्ति है। (निषेधात्मक वाक्य)
(च) बहुत गर्मी है। (विस्मयादिबोधक वाक्य)
(छ) बीता हुआ समय नहीं लौटता। (मिश्र वाक्य)
(ज) वह कुरूप नहीं है। (निश्चयात्मक वाक्य)

3. (क) निम्नांकित में से किन्हीं पांच के लिए एक शब्द लिखिए: (5)

(1) जो समान उम्र का हो
(2) जो सबका प्यारा हो
(3) जो सत्य बोलता हो
(4) आगे की बात को भी सोच लेने वाला व्यक्ति
(5) जो शीघ्रता से चलता हो
(6) जो त्याग देने योग्य हो
(7) अनुचित बात के लिए आग्रह करना
(8) जिसमें दया का भाव न हो

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं पांच वाक्यों को शुद्ध कर पुनः लिखिए: (5)

(1) मैं तेरे को बता दूँगा।
(2) मैं मंगलवार के दिन व्रत रखता हूँ।
(3) वह मेरा दोस्त है, वह मेरे साथ पढ़ता है।
(4) चाय में कौन गिर गया?
(5) यह सबसे सुंदरतम साड़ी है।
(6) आज बजट के ऊपर बहस होगी।

(7) मेरे तो साँस फूल गए।
(8) इतनी आलस्यता ठीक नहीं है।

4. निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पांच का अर्थ स्पष्ट करते हुए उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए– (10)
(1) चिराग लेकर ढूँढ़ना
(2) गंगा गये गंगादास यमुना गये यमुनादास
(3) थोथा चना बाजे घना
(4) चोर के पैर नहीं होते
(5) खरगोश के सींग होना
(6) किनारा करना
(7) बगुला भगत होना
(8) दाँतों तले उँगली दबाना

5. करण कारक और अपादान कारक का अन्तर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (10)
अथवा
सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया को समझाते हुए उदाहरण दीजिए।

6. समास के मुख्य कितने भेद हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। (10)
अथवा
विशेषण के कितने भेद हैं? इसके प्रत्येक भेद का एक उदाहरण भी दीजिए।

7. प्रत्यय एवं उपसर्ग का अर्थ बताते हुए उदाहरण देकर अन्तर स्पष्ट कीजिए। (10)
अथवा
पद-परिचय का महत्त्व बताते हुए सर्वनाम का पद-परिचय दीजिए।